हम बाबा के दीवाने | By Sunny Hari

जब तक जीवन है हम बारम्बार जायेंगे
हम बाबा के दीवाने हैं दरबार जायेंगे

जब भी कोई काम करू तो पहले तेरा नाम लिया
सोते जागते बैठते उठते बाबा तुमको याद किया
मरते दम तक तेरा हम गुणगान गाएंगे
हम बाबा के दीवाने हैं दरबार जायेंगे

संकट जब भी आये किसी पे सबने तुम्हे पुकारा है
तेरा ये एहसान है बाबा तुमने दिया सहारा है
तेरा ये एहसान कभी हम भूल ना पाएंगे
हम बाबा के दीवाने हैं दरबार जायेंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-sunny-hari/